GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:12.10.2021**

# PIONEER

# एमए अंग्रेजी के विद्यार्थियों के लिए आरिएंटेशन कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साहित्य और भाषा विभाग द्वारा एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक आरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा ने की। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल भी उपस्थित थीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. मिश्रा ने उन्हें प्रेरित किया और विज्ञान एवं मानविकी के लिए अंत:विषय दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए। डॉ. पूनम सिंघल ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए भाषा पाठ्यक्रमों के महत्व के बारे में बताया। साहित्य एवं भाषा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दिव्य ज्योति सिंह ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों और परिणामों के बारे में परिचय दिया और प्रोत्साहित किया। डॉ. रीना ग्रेवाल और अंकिता



**जेबी बोस विश्वविद्यालय में आयेजित आरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्रा को पुरस्कार देते प्रो. अतुल मिश्रा।**

गोयल ने मौखिक और दृश्य कला पर एक आकर्षक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। ममता बंसल ने विद्यार्थियों को जीवन एवं आत्म संतुलन पर एक प्रेरक व्याख्यान से प्रेरित किया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एमए अंग्रेजी की छात्रा गरिमा व चाहत ने मौखिक श्रेणी में क्रमशः प्रथम व द्वितीय पुरस्कार जीता। इसी प्रकार दृश्य प्रश्नोत्तरी में शिवानी व जिज्ञासा ने प्रथम व द्वितीय पुरस्कार तथा कविता पाठन में खुशबू, शालू व जिज्ञासा ने पुरस्कार जीते। कार्यक्रम के समापन पर ममता बंसल ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

**NEWS CLIPPING:12.10.2021**

# PIONEER

## मूल्य वर्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




जेबी बोस विश्वविद्यालय में मूल्य वद्यित प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर अतिथि और प्रो. राजकुमार के साथ छात्र।

फरीदाबाद। वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बीटेक और एमटेक विद्यार्थियों के लिए रॉयल एनफील्ड के ऑटोमोबाइल उपकरणों पर आयोजित तीन दिवसीय मूल्य वर्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा ने हिस्सा लिया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. राजकुमार और ट्रेनिंग, प्लेसमेंट और एलुमनाई अफेयर के डीन प्रो. विक्रम सिंह उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम रॉयल एनफील्ड के क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख अभिषेक रोशन द्वारा संचालित और डॉ. सुरेंद्र सिंह, सहायक प्रोफेसर ने समन्वयित किया। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. राज कुमार ने रॉयल एनफील्ड एवं उनके प्रशिक्षकों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। प्रो. विक्रम सिंह ने कौशल विकास के लिए विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING:12.10.2021**

# AMAR UJALA

## शॉर्ट-टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से बिग डाटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर एक सप्ताह के ऑनलाइन शॉर्ट-टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा प्रायोजित साप्ताहिक कार्यक्रम को तीन सत्रों में बांटा गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान फरीदाबाद के महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया जबकि एंटरप्राइज बिजनेस डेवलपमेंट एफले लिमिटेड के निदेशक अनुज त्रिपाठी मुख्य वक्ता रहे। डॉ. तृप्ता ठाकुर ने डाटा कंप्यूटिंग में समस्या समाधान पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. कोमल भाटिया ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी अनुसंधान और शिक्षा में बीच अंतर को कम करना है। उद्योग से ऐसे विशेषज्ञों के साथ संवाद का साझा मंच उपलब्ध करवाना है। डॉ. रश्मि पोपली ने बताया कि इस सप्ताह प्रशिक्षण कार्यक्रम में छह और सत्र आयोजित किए जाएंगे। ब्यूरो

## मूल्य वर्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में बीटेक और एमटेक विद्यार्थियों के लिए ऑटोमोबाइल उपकरणों पर आयोजित तीन दिवसीय मूल्य वर्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। इसमें 24 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन रॉयल एनफील्ड के विशेषज्ञों द्वारा किया गया। प्रो. विक्रम सिंह ने कौशल विकास के लिए विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। ब्यूरो

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:12.10.2021**

# AMAR UJALA

## एमए के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के साहित्य और भाषा विभाग की ओर से एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रा गरिमा व चाहत ने प्रथम व द्वितीय पुरस्कार जीता। इसी प्रकार दृश्य प्रश्नोत्तरी में शिवानी प्रथम व जिज्ञासा दूसरे स्थान पर रही। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:12.10.2021**

# NAVBHARAT TIMES

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम में साझा किए विचार

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, के साहित्य और भाषा विभाग द्वारा एम.ए. अंग्रेजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा ने की। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल भी मौजूद रहीं। प्रो. मिश्रा ने स्टूडेंट्स के साथ विज्ञान एवं मानविकी पर अपने विचार साझा किए।